राजस्थान पत्रिका के अरुण, मुंडियार व पारीक को मिला ‘लाडली मीडिया अवॉर्ड’

चर्चा में क्यों?

हाल ही में लैंगिक समानता के क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिष्ठित संस्था ‘पॉपुलेशन फर्स्ट’ द्वारा राजस्थान पत्रिका जयपुर के सीनियर न्यूज एडिटर अरुण कुमार, राजस्थान पत्रिका भीलवाड़ा के संपादकीय प्रभारी कानाराम मुंडियार व पत्रिका रतलाम के संपादकीय प्रभारी सिकंदर पारीक को ‘लाडली मीडिया अवॉर्ड्स 2023’ से सम्मानित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि ‘पॉपुलेशन फर्स्ट’ संस्था की ओर से लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिये ‘लाडली मीडिया अवॉर्ड’ दिया जाता है। संस्था द्वारा ‘लाडली मीडिया अवॉर्ड’ की घोषणा इस साल 21 अक्तूबर को की गई थी।
- इस अवार्ड के लिये देश भर से 13 भाषाओं के करीब 850 से ज्यादा पत्रकारों ने प्रविष्टियाँ भेजी थी, जिनमें जूरी मेंबर्स ने 87 का चयन किया और उन्हें सम्मानित किया। इनके अलावा 31 पत्रकारों को जूरी प्रशंसा पत्र दिया गया।
- राजस्थान पत्रिका जयपुर के सीनियर न्यूज एडिटर अरुण कुमार को जेंडर सेंसिटिविटी श्रेणी में ‘40 हजार करोड़ की बेगारी’ शीर्षक से प्रकाशित स्टोरी के लिये, राजस्थान पत्रिका भीलवाड़ा के संपादकीय प्रभारी कानाराम मुंडियार को ‘फूलिया कला की बेटियों का कमाल, हर साल हॉकी में छू रही आसमान’ शीर्षक से प्रकाशित स्टोरी के लिये व पत्रिका रतलाम के संपादकीय प्रभारी सिकंदर पारीक को बालिका शिक्षा से जुड़े कॉलम ‘तालीम से तरक्की’ के लिये यह अवॉर्ड दिया गया।
- जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. देव स्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के पॉलिसी व साझेदारी प्रमुख जयदीप बिस्वास, यूएनएफपीए की प्रोग्राम मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट अनुजा गुलाटी और लोक संवाद संस्थान के सचिव कल्याण सिंह कोठारी ने राजीव पांडेय को सम्मानित किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/arun-mundia-and-pareek-of-rajasthan-patrika-received-laadli-media-award